SUCCESS CAMPUS
COMPETITIVE CLASSES
way of success
Trimurti complex, oriental bank, Bus stand, jhumri telaiya

**1.** निम्न अनुक्रम में उन अक्षरों की संख्या कितनी है जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है परन्तु ठीक बाद में संख्या नहीं है ?

**$M@A#N2B4O&3C5P+D2**

(A) 1 (B) 3
(C) 2 (D) 4

**2.** दिए गए कथन को सही मानकर यह तय करें कि नीचे दिए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथन से निश्चित तौर पर निकाला जा सकता है।

**कथन :**
नदियाँ पूजनीय हैं। सभी देवता पूजनीय हैं।

**निष्कर्ष :**
1. सभी नदियाँ देवता हैं।
2. सभी देवता नदियाँ हैं।

(A) मात्र निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है
(B) 1 व 2 दोनों अनुसरण करते हैं
(C) न तो 1 न 2 ही अनुसरण करता है
(D) मात्र निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है

**3.** X अपने घर से पश्चिम की ओर मुँह करके निकलता है, उसी दिशा में 100 किमी. गाड़ी चलाने के बाद वह दाएँ मुड़ता है और पुन: 100 किमी. गाड़ी चलाता है। इसके बाद वह बाएँ मुड़कर 50 किमी. चलता है। अपने शुरूआती बिंदु कि सापेक्ष X किस दिशा में सम्मुख खड़ा है ?

(A) दक्षिण-पूर्व (B) दक्षिण-पश्चिम
(C) उत्तर-पश्चिम (D) उत्तर-पूर्व

**4.** निम्नलिखित वाक्यों को सही मानते हुए निर्णीत करें कि उक्त वाक्यों से कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

**वाक्य :**
भार भी एक प्रकार का बल होता है।

**निष्कर्ष :**
1. भार की इकाई, न्यूटन होती है।
2. भार की इकाई किग्रा. होती है।

(A) केवल निष्कर्ष 1 ही अनुसरण करता है।
(B) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों ही अनुसरण नहीं करते हैं।
(C) केवल निष्कर्ष 2 ही अनुसरण करता है।
(D) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों अनुसरण करते हैं।

**5.** यदि X की दो बहनें Y और Z हैं और W की माँ Y के पिता की बहन है तो W, Z का/की ...... .... है।

(A) पिता (B) भतीजी/भांजी
(C) माँ
(D) चचेरी/ममेरी/मौसेरी/फुफेरी बहन

**6.** चार गाड़ियों में से, C1 का भार, C2 के भार का दोगुना है। C3 का भार, C2 के भार का आधा है। C4, C2 से 40 किग्रा. भारी है परंतु C1 से 40 किग्रा. हल्का है। C4 का भार (किग्रा. में) कितना है?

(A) 160 (B) 140
(C) 120 (D) 100

**7.** दिए गए विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके **नहीं** बनाया जा सकता है।

**Jurisprudence**

(A) Ripe (B) Rude
(C) Jury (D) Run

**8.** एक विशिष्ट कोड भाषा में, "MOTOR" को "ORXTX" लिखा जाता है। इस कोड भाषा में "GUARD" को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(A) MWEJL (B) VTXRM
(C) JXIWK (D) IXEWJ

**9.** किसी निश्चित कोड भाषा में '×', '+' को प्रदर्शित करता है, '÷', '×' को प्रदर्शित करता है, '–', '+' को प्रदर्शित करता है और '÷', '–' को प्रदर्शित करता है। निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर ज्ञात करें।

**$18 - 2 + 20 \times 10 \div 4 = ?$**

(A) 11 (B) 2
(C) 29 (D) 35

**10.** निम्नलिखित समीकरण गलत है। इस समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में अदला-बदली करना चाहिए ?

**$10 \div 18 + 25 \times 20 - 5 = 92$**

(A) + और × (B) + और ÷
(C) ÷ और – (D) – और +

**11.** यदि $7\Delta 6 = 84$, $1\Delta 4 = 8$ और $2\Delta 3 = 12$, तो $8\Delta 4 = ?$ का मान ज्ञात करें।

(A) 64 (B) 36
(C) 12 (D) 40

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा पद दी गई सूची के क्रम के अनुसार है ?

**PQPQPQPQ, RQPQPQPQ, PSPQPQPQ, PQRQPQPQ, PQPSPQPQ, ______.**

(A) PQPQPSPQ (B) PQPQRQPQ
(C) PQPQPQPQ (D) RQPQPQPQ

**13.** दो महिलाएँ A और B एक ही बिंदु से चलना शुरू करती हैं। A उत्तर की ओर 75 मी. जाती है, फिर अपने बाईं ओर मुड़ जाती है और आगे 90 मी. की दूरी तक चलती है। B दक्षिण की ओर 110 मी. तक चलती है, फिर पश्चिम की तरफ मुड़ जाती है और आगे 90 मी. की दूरी तक चलती है, फिर अपने बाएँ तरफ मुड़ जाती है और आगे 150 मी. की दूरी तक चलती है। अब A के संबंध में B कहाँ है ?

(A) 85 मी. दक्षिण (B) 335 मी. दक्षिण
(C) 335 मी. उत्तर (D) 85 मी. उत्तर


**14.** प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिसके आगे दो निष्कर्ष I और II निकाले गये हैं। आपको मानना है कि दोनों कथन सत्य हैं चाहे वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निश्चित रूप से कथन द्वारा सही निकाला जा सकता है/सकते हैं, यदि कोई हो।

**कथन :**
I. कोई भी भाप वाष्प नहीं होती।
II. सभी धुआँ भाप होते हैं।

**निष्कर्ष :**
I. कुछ वाष्प धुआँ होती हैं।
II. कोई भी धुआँ वाष्प नहीं होता।

(A) केवल निष्कर्ष I सही है
(B) केवल निष्कर्ष II सही है
(C) दोनों निष्कर्ष I और II सही हैं
(D) ना तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सही है

**15.** निम्नलिखित आकृति में, आयत लेखकों को प्रदर्शित करता है, वृत्त कोरियोग्राफर को प्रदर्शित करता है, त्रिभुज प्लेराइट्स को प्रदर्शित करता है और वर्ग एशियाई लोगों को प्रदर्शित करता है। अक्षरों का कौन-सा समूह उन लेखकों को प्रदर्शित करता है जो एशियाई **नहीं** हैं ?




(A) HG (B) FE
(C) DA (D) IC

**16.** एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे।

**DSL, FUN, HWP, ?, LAT**

(A) KXS (B) JYR
(C) JZS (D) KYR

17. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए।

**131, 138, 145, 152, ?, 166**

(A) 161 (B) 163

(C) 157 (D) 159

18. नीचे दिए गए प्रश्न में, तीन संख्याओं के चार समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में दूसरी तथा तीसरी संख्या पहली संख्या से किसी एक तर्क/नियम से संबंधित है। तीन उसी एक तर्क/नियम के आधार पर समान हैं। दिए गए विकल्पों में से भिन्न को चुनिए।


(A) (3, 12, 48) (B) (2, 8, 32)

(C) (6, 24, 96) (D) (5, 20, 60)


19. यदि एक दर्पण को MN रेखा पर रखा जाए तो दी गयी उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिम्ब होगी?

प्रश्न आकृति :

M N




उत्तर आकृतियाँ :




(A) (B) (C) (D)

20. निम्नलिखित उत्तर आकृति में से कौन-सा घन दिए गए प्रश्न आकृति में से खुले घन से बनाया **नहीं** जा सकता?

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियाँ :



21. निम्नलिखित प्रश्न में, दो कथन दिए गए हैं जिनके आगे दो निष्कर्ष I और II निकाले गए हैं। आपको मानना है कि कथन सत्य है चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निश्चित रूप से कथनों द्वारा सही निकाला जा सकता है/सकते हैं, यदि कोई हो।

**कथन:**

I. डिजनी ने भारत में स्कूली छात्रों को कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग सिखाने के लिए 'आवर आफ कोड' नाम का अभियान शुरू किया गया है।

II. बच्चे अपने मनोरंजन और सीखने के लिए कार्टून देखते हैं।

**निष्कर्ष :**

I. बच्चे विशिष्ट कार्टून किरदारों के माध्यम से अच्छी तरह से जुड़ सकते हैं।

II. समूह में स्कूली बच्चों को सिखाने का यह अभियान तभी प्रभावी हो सकता है जब यह दिलचस्प बनाया जाए।

(A) केवल निष्कर्ष II लागू होता है

(B) निष्कर्ष I और II दोनों लागू होता है

(C) न निष्कर्ष I न ही II लागू होता है

(D) केवल निष्कर्ष I लागू होता है

22. एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करें।

**RST, XYZ, DEF, ?**

(A) KLM (B) GHI

(C) JKL (D) IJK

23. अमरजीत रसायनशास्त्र, गणित और भौतिकी में क्रमश: 92. 98 और 90 अंक पाता है। प्रत्येक विषय में अधिकतम अंक 100 है। इन तीन विषयों में प्राप्त कुल प्रतिशत को निर्धारित करें।

(A) 92.34% (B) 59.56%

(C) 93.33% (D) 84.44%

24. एक विशिष्ट कोड भाषा में 'KINGFISHER" को " +$@*!$><^?" लिखा जाता है। इस कोड भाषा में "NEIGH" को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(A) ^@$*< (B) @^$<*

(C) @$^* < (D) @^$*<

25. यदि "*" का अर्थ ''जोड़'' है, '&" का अर्थ ''भाग'' है, "@" का अर्थ ''गुणा'' है और "%" का अर्थ ''घटाना'' है, तो –

136 & 8 @ 7% 3 * 7 = ?

(A) 143 (B) 123

(C) 125 (D) 140

26. निम्नलिखित प्रश्न में अक्षरों का कौन-सा समूह खाली स्थानों पर क्रमवार रखने से दी गई अक्षर ृंखला को पूरा करेगा ?

ef_he_g_e_gh

(A) gfff (B) gfhh

(C) gfhf (D) fghg

27. राहुल पूर्व दिशा में 8 किमी जाता है, दाहिने मुड़कर 6 किमी और जाता है, और फिर वह दो बार बाएं मुड़कर क्रमश: 21 किमी और 6 किमी की दूरी तय करता है। अंत में, वह 8 किमी की दूरी तय करने के लिए दाएं मुड़ता है। वह अब अपने मूल स्थान से कितने किलोमीटर की दूरी पर है ?

(A) 35 किमी. (B) 25 किमी.

(C) 37 किमी. (D) 40 किमी.


28. रूबी, विशाल की बहन, को एक लड़का जितेन्द्र और एक लड़की साक्षी है। प्रिया, जितेन्द्र के माँ की बहन है। साक्षी, प्रिया से कैसे संबंधित है ?

(A) माँ (B) पोती


(C) बहन (D) भांजी

29. यदि एक दर्पण को MN रेखा पर रखा जाए, तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति की सही प्रतिबिम्ब होगी ?

प्रश्न आकृति :




उत्तर आकृतियाँ :



30. वह आरेख चुनिए, जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच के संबंध का सही निरूपण करता है

**सौंदर्य प्रसाधन, पाउडर, आईलाइनर**



31. 8 की वह अधिकतम घात क्या होगी जो 25! को पूर्ण रूप से विभाजित करेगी?

(A) 6 (B) 7

(C) 8 (D) 9

32. सरल कीजिए:

$(157 \times 157 + 143 \times 143)$

(A) 45098 (B) 46098

(C) 90196 (D) 91196

33. यदि $y - \frac{1}{y} = 4$ है, तो $\left(y^3 - \frac{1}{y^3}\right)$ का मान क्या होगा?

(A) 64 (B) 76


(C) 88 (D) 90

34. यदि $a = \sqrt{5 + 2\sqrt{2}}$ और $b = \sqrt{5 - 2\sqrt{2}}$ है, तो $a^2 - b^2$ का मान क्या होगा?

(A) 2 (B) 4

(C) $2\sqrt{2}$ (D) $4\sqrt{2}$

**35.** निम्नलिखित में से कौन-सा ABC और PQR दो त्रिभुजों के सर्वांगसमता के लिए सही विकल्प है, जो SAS सर्वांगसमता के मानदंड के अनुसार है?




(A) AB = PQ (B) BC = QR
(C) ∠B = ∠Q
(D) सभी विकल्प सही हैं

**36.** ........... वह बिंदु है जिस पर भुजाओं के लंबवत् द्विभाजक जुड़ते हैं और त्रिभुज को घेरने वाले वृत्त का केन्द्र, ............ है।
(A) अंत:केंद्र, परिकेंद्र
(B) परिकेंद्र, परिकेंद्र
(C) परिकेंद्र, अंत:केंद्र (D) लम्बकेंद्र, परिकेंद्र

**37.** यदि एक संख्या के 60% को 60 में जोड़ा जाता है, तो परिणाम स्वयं संख्या के बराबर होता है। संख्या क्या है?
(A) 150 (B) 120
(C) 100 (D) 180

**38.** u, v तथा w के वेतन का अनुपात 8 : 7 : 13 है। यदि w को v से 3384 रु. अधिक मिलते हैं, तो u का वेतन (रु. में) क्या है?
(A) 4432 (B) 4512
(C) 4642 (D) 5144

**39.** जल तथा अम्ल के 80 लीटर के एक मिश्रण में 20% अम्ल है। नए मिश्रण में 60% अम्ल करने के लिए कितना अम्ल मिलाया जाए?
(A) 60 (B) 80
(C) 70 (D) 90

**40.** एक व्यक्ति 150 रु. प्रति कमीज वाली 10 कमीजें खरीदता है। अगले दिन उसने फिर से 150 रु. प्रति कमीज वाली कमीजें, 30 रु. प्रति कमीज की छूट पर खरीदी तथा उसने उस दिन कुल 1800 रु. खर्च किये। प्रति कमीज का औसत मूल्य (रु. में) क्या है ?
(A) 125 (B) 132
(C) 138 (D) 144

**41.** 50200 रु. की एक राशि पर 3 महीनों का साधारण ब्याज 1380.5 रु. है। ब्याज की वार्षिक दर (प्रतिशत में) क्या है?
(A) 11 (B) 9
(C) 9.5 (D) 8.5

**42.** 120 बोतलें बेचने पर विजय 10 बोतलों के क्रय मूल्य के बराबर लाभ कमाता है। लाभ प्रतिशत क्या है ?
(A) 8.33 (B) 9.09
(C) 7.7 (D) 12.5


**43.** एक कमीज का अंकित मूल्य 1800 रु. है तथा विक्रेता को 40% की छूट प्राप्त होता है। यदि वह उस कमीज को 1800 रु. में बेचता है, तो विक्रेता का लाभ प्रतिशत क्या है?
(A) 40 (B) 66.66
(C) 37.5 (D) 62.5

**44.** यदि $x = 0.139$ है, तो $\sqrt{4x^2 + 4x + 1}$ का मान क्या है ?
(A) 1.39 (B) 1.278
(C) 2.139 (D) 1.69

**45.** राहुल एक कार्य को 18 दिन में पूरा कर सकता है तथा सोनू उसी कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकता है। यदि दोनों मिलकर 5 दिन कार्य करते हैं, तो कुल कार्य का कितना भाग बचा हुआ है ?
(A) 7/15 (B) 11/18
(C) 7/18 (D) 8/15

**46.** एक रेलगाड़ी 35 मी./से. की गति से चलती है तथा 960 मीटर लम्बी एक सुरंग को 40 सेकण्ड में पार करती है। रेलगाड़ी की लम्बाई (मीटर में) क्या है ?
(A) 360 (B) 440
(C) 530 (D) 560

**निर्देश–(प्रश्न 47-50) :** यह रेखाग्राफ एक विशिष्ट कंपनी द्वारा किए गए निर्यात को दर्शाता है। इस आरेख का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।




**47.** किस वर्ष में निर्यात पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक था?
(A) 2016 (B) 2015
(C) 2017 (D) 2014

**48.** वर्ष 2012 और 2014 के बीच हुए निर्यात (लाख रुपये में) में अंतर क्या था ?
(A) 10 (B) 5
(C) 15 (D) 20

**49.** 2011 की तुलना में 2014 में निर्यात .......... से कम था।
(A) 16.7% (B) 20%
(C) 8.5% (D) 10%

**50.** अंतिम चार वर्षों में कंपनी ने कुल कितना निर्यात (लाख रुपये में) किया था ?
(A) 300 (B) 290
(C) 280 (D) 310

**51.** एक आयात का परिमाप और चौड़ाई क्रमश: 68 सेमी. और 10 सेमी. है। इसके विकर्ण की लंबाई (सेमी. में) की गणना करें।
(A) 52 (B) 25
(C) 26 (D) 50

**52.** 14 सेमी. त्रिज्या वाले एक अर्द्धवृत्त का क्षेत्रफल (वर्ग सेमी. में) ज्ञात करें।
(A) 308 (B) 616
(C) 160 (D) 320

**53.** एक अर्द्धगोल का आयतन 2425.5 घन सेमी. है। इसका व्यास (सेमी. में) ज्ञात करें।
(A) 10.5 (B) 42
(C) 21 (D) 31.5

**54.** (sin 30° + 1/3) का मान क्या है ?
(A) $\left(2\sqrt{2} + \sqrt{3}\right)/2$
(B) $\left(\sqrt{6} + 1\right)/\sqrt{3}$
(C) 7/3 (D) 5/6

**55.** ΔDEF में E पर समकोण है। यदि sec D = 17/8 है, तो cos F का मान क्या है?
(A) 15/17 (B) 15/8
(C) 8/17 (D) 17/15

**56.** द्विघात समीकरण $21x^2 - 37x - 28 = 0$ के मूल क्या हैं ?
(A) –7/3, 4/7 (B) 3/7, –7/4
(C) 7/3, –4/7 (D) –3/7, 7/4

**57.** 25 मी० की लंबाई और 12 मी० की चौड़ाई के एक आयताकार स्विमिंग पुल में एक समान रूप से झुकती हुई फर्श है । वह अपनी लंबाई के एक छोर पर 2 मी० गहरा है, और दूसरी ओर 3 मी० गहरा है । इस पुल को पूरी तरह से भरने के लिए कितने पानी की आवश्यकता होगी ?
(A) 1500 घन मी० (B) 2250 घन मी०
(C) 3000 घन मी० (D) 750 घन मी०

**58.** पीयुष ने 30 दिन में एक काम का 1/3 भाग पूरा कर लिया है, संजीव बचा हुआ काम 60 दिन में पूरा करता है, दोनों मिलकर यह काम कितने दिन में पूरा कर सकते हैं ?
(A) 15 दिन (B) 45 दिन
(C) 30 दिन (D) 10 दिन

**59.** एक कोण अपने पूरक कोण से दोगुना बड़ा है। कोण का माप क्या है ?

(A) 30° (B) 90°
(C) 60° (D) 120°

60. एक समांतर श्रेणी का पहला और आखिरी पद 33 और –57 हैं। यदि शृंखला में 16 पद हैं, तो योग क्या होगा?
(A) –135 (B) –192
(C) –207 (D) –165

61. डेबिट (debit) और क्रेडिट (credit) की दृश्य और अदृश्य मदें, ............. का हिस्सा हैं।
(A) आयात-निर्यात नीति
(B) भुगतान देय
(C) व्यापार का संतुलन
(D) वार्षिक बजट

62. भारत-चीन और बाद में भारत-पाकिस्तान युद्ध के कारण कौन-सी पंचवर्षीय योजना विफल रही थी?
(A) चौथी पंचवर्षीय योजना
(B) सातवीं पंचवर्षीय योजना
(C) तीसरी पंचवर्षीय योजना
(D) रोलिंग प्लान

63. पाल वंश के पहले शासक कौन थे?
(A) महेंद्र पाला (B) गोपाल
(C) धर्मपाल
(D) कोई विकल्प सही नहीं है

64. निम्नलिखित में से किसने भारत में पहला नियमित व्यापार संघ संचालित किया था?
(A) एम.एन. लोखांडे (B) वी.पी. वाडिया
(C) शशिपद बनर्जी (D) एन.एम. जोशी

65. 'पृथ्वी एक घंटे में कितना देशान्तर घूम लेती है?
(A) 12° (B) 15°
(C) 18° (D) 20°

66. किस भारतीय राज्य की सीमा सर्वाधिक राज्यों की सीमा को स्पर्श करती है?
(A) मध्य प्रदेश (B) असम
(C) उत्तर प्रदेश (D) छत्तीसगढ़

67. निम्नलिखित में कौन ओडिसी की नृत्यांगना **नहीं** है?
(A) संयुक्ता पाणिग्रही
(B) सोनल मानसिंह
(C) माधवी मुदगल (D) यामिनी कृष्णमूर्ति

68. यदि कोई इंजन 3 सेकंड में 120J कार्य करता है तो इंजन की शक्ति की गणना (W में) करें।
(A) 360 (B) 80
(C) 180 (D) 40

69. मात्रात्मक रूप से किसी वस्तु का जड़त्व ......... से मापा जाता है।
(A) उसके वजन
(B) उसके द्रव्यमान और वेग का गुणनफल
(C) उसके द्रव्यमान
(D) उसके द्रव्यमान और त्वरण के गुणनफल पर

70. जनसंख्या की दृष्टि से चीन का सबसे बड़ा शहर कौन-सा है?
(A) बीजिंग (B) शंघाई
(C) गुआंझू (D) शेनझेन

71. रासायनिक सूत्र में धातु आयन तथा अधातु आयन का स्थान क्या होता है?
(A) दूसरे स्थान पर धातु आयन
(B) पहले स्थान पर अधातु आयन
(C) पहले स्थान पर धातु आयन तथा दूसरे स्थान पर अधातु आयन
(D) कोई विकल्प सही नहीं है

72. कौन-सी गैस के कारण चूने का पानी सफेद हो जाता है?
(A) $CO_2$ (B) $O_2$
(C) $NO_2$ (D) $N_2$

73. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के अनुसार भारतीय संविधान के अंतर्गत सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी कौन होगा?
(A) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष
(B) भारत के चुनाव आयोग के अध्यक्ष
(C) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(D) भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक

74. भारतीय संविधान के कौन-से भाग में चुनावों के बारे में दिया हुआ है?
(A) भाग XII (B) भाग XIII
(C) भाग XIV (D) भाग XV

75. तंत्रिका कोशिका के निम्नलिखित में से किस भाग में सूचना रासायनिक रूप में संवहित होती है?
(A) द्रुमिका (B) कोशिका काय
(C) तंत्रिकाक्ष
(D) कोई विकल्प सही नहीं है

76. इन महिलाओं में से कौन क्रान्तिकारी आन्दोलन से सम्बद्ध थी?
(A) तोरूदत्त (B) रमाबाई
(C) भीकाजी कामा (D) गंगाबाई

77. साइमन कमीशन भारत आया था–
(A) 1927 में (B) 1928 में
(C) 1929 में (D) 1930 में

78. ब्रिटिश भारत में किस अधिनियम द्वारा मुसलमानों को पृथक निर्वाचन का अधिकार दिया गया?
(A) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1892
(B) मार्ले-मिंटो सुधार, 1909
(C) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861
(D) मॉण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार, 1919

79. इनमें से किस महिला समाज सुधारक को 'पंडित' कहा गया था?
(A) गंगाबाई (B) रमाबाई
(C) ऐनी बेसेन्ट (D) सिस्टर सुब्बालक्ष्मी

80. 'नील विद्रोह' कहां हुआ था?
(A) उड़ीसा में (B) उत्तर प्रदेश में
(C) बंगाल में (D) महाराष्ट्र में

81. महारानी विक्टोरिया का घोषणा-पत्र किस वर्ष आया?
(A) 1856 में (B) 1858 में
(C) 1859 में (D) 1860 में

82. किस लेखक ने 1857 के विद्रोह को स्वतंत्रता का प्रथम युद्ध कहा है?
(A) आर.सी. मजूमदार
(B) एस.एन.सेन
(C) बी.डी. सावरकर (D) अशोक मेहता

83. 1904 में स्थापित 'अभिनव भारत' था–
(A) क्रांतिकारी गतिविधियों से सम्बद्ध एक गुप्त संगठन
(B) एक समाचार-पत्र
(C) एक सांस्कृतिक संगठन
(D) एक मजदूर संघ आन्दोलन

84. 'इतिहास अतीत एवं वर्तमान के बीच अनंत वार्ता है" यह किसने कहा था?
(A) ई.एच. कार (B) चार्ल्स फर्थ
(C) कार्ल मार्क्स (D) बी.ए. स्मिथ

85. भारत के लिए अकाल संहिता की सिफारिश किस आयोग द्वारा की गई थी?
(A) मैकडोनल आयोग
(B) कैम्पबेल आयोग
(C) ल्याल आयोग (D) स्ट्रैची आयोग

86. 'मूकनायक' समाचार-पत्र से कौन सम्बद्ध था?
(A) ज्योतिबा फुले (B) बी.आर. अम्बेदकर
(C) एम.एन. राय (D) एनी बेसन्ट

87. इनमें से किसने तिलक को 'भारतीय असंतोष का जनक' कहा है?
(A) महात्मा गांधी (B) जवाहरलाल नेहरू
(C) पावेल प्राइस (D) वैलेन्टाइन शिरोल

88. इनमें से किस व्यक्ति को गांधीजी अपना 'राजनीतिक गुरु' मानते थे?
(A) दादाभाई नौरोजी (B) एम.जी. रानाडे
(C) गोपाल कृष्ण गोखले
(D) बाल गंगाधार तिलक

89. 'न्यू इण्डिया' व 'कॉमनवील' समाचार-पत्रों का सम्बन्ध था–
(A) आर.सी. दत्त से (B) महात्मा गांधी से
(C) राजा राममोहन राय से
(D) ऐनी बेसेन्ट से

90. दक्कन एजूकेशन सोसाइटी का संस्थापक कौन था?
(A) ज्योतिबा फुले (B) फिरोज शाह मेहता
(C) एम.जी. रानाडे (D) बाल गंगाधार तिलक

91. L लम्बाई की तनी हुई डोरी में उत्पन्न अप्रगामी तरंगों की तरंगदैर्ध्य होगी–
(A) $2L/n$ (B) $2Ln$
(C) $L^2/n$ (D) $n/L$

**92.** ध्वनि ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलते हैं–
(A) माइक्रोफोन द्वारा (B) लाउडस्पीकर द्वारा
(C) सोनोमीटर द्वारा (D) इयरफोन द्वारा

**93.** जल तरंगें होती हैं–
(A) अनुदैर्ध्य (B) अनुप्रस्थ
(C) अनुदैर्ध्य और अनुप्रस्थ दोनों
(D) दीर्घवृत्तीय

**94.** पुष्प एक रूपान्तरण है–
(A) जड़ का (B) कली का
(C) प्ररोह का (D) पत्ती का

**95.** पृथ्वी की परिधि का परिक्रमण कर रहे एक उपग्रह के अन्दर एक सरल लोलक का आवर्तकाल होगा–
(A) शून्य (B) $\infty$
(C) T (D) 2T

**96.** प्रोड्यूसर गैस में होती है–
(A) CO तथा $H_2$ (B) CO तथा $N_2$
(C) $CO_2$ तथा $H_2$ (D) $CO_2$ तथा $CH_4$

**97.** निम्नलिखित आयनों में से कौन प्रति-चुम्बकीय है ?
(A) $Mn^{2+}$ (B) $Fe^{3+}$
(C) $Ni^{2+}$ (D) $Cu^{+}$

**98.** सूर्य की ऊर्जा का स्रोत है–
(A) भारी नाभिकों का संलयन
(B) हलके नाभिकों का संलयन
(C) हलके नाभिकों का विखंडन
(D) भारी नाभिकों का विखंडन

**99.** सूर्यास्त के समय सूर्य लाल दिखाई देता है, क्योंकि –
(A) सूर्य में केवल लाल रंग होता है
(B) लाल रंग अन्य रंगों की अपेक्षा अधिक प्रकीर्ण होता है
(C) लाल रंग अन्य रंगों की अपेक्षा कम प्रकीर्ण होता है
(D) हमारी आँखें लाल रंग के लिए अधिक सुग्राह्य होती हैं

**100.** लेजर वह युक्ति है जिससे उत्पन्न होती है–
(A) श्वेत प्रकाश की किरण-पुंज
(B) संसक्त विहीन प्रकाश की किरण-पुंज
(C) संसक्त प्रकाश की किरण-पुंज
(D) बहुरंगी प्रकाश की किरण-पुंज

# ROUGH

SUCCESS CAMPUS
COMPETITIVE CLASSES
way of success
Trimurti complex, oriental bank, Bus stand, jhumri telaiya

# उत्तर (Answers)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (C) | 3. (C) | 4. (A) |
| 5. (D) | 6. (C) | 7. (C) | 8. (D) |
| 9. (C) | 10. (C) | 11. (A) | 12. (B) |
| 13. (B) | 14. (B) | 15. (D) | 16. (B) |
| 17. (D) | 18. (D) | 19. (B) | 20. (C) |
| 21. (B) | 22. (C) | 23. (C) | 24. (D) |
| 25. (B) | 26. (C) | 27. (C) | 28. (D) |
| 29. (A) | 30. (D) | 31. (B) | 32. (A) |
| 33. (B) | 34. (D) | 35. (D) | 36. (B) |
| 37. (A) | 38. (B) | 39. (B) | 40. (B) |
| 41. (A) | 42. (A) | 43. (B) | 44. (B) |
| 45. (C) | 46. (B) | 47. (B) | 48. (A) |
| 49. (D) | 50. (C) | 51. (C) | 52. (A) |
| 53. (C) | 54. (D) | 55. (A) | 56. (C) |
| 57. (D) | 58. (B) | 59. (C) | 60. (B) |
| 61. (B) | 62. (C) | 63. (B) | 64. (B) |
| 65. (B) | 66. (C) | 67. (D) | 68. (D) |
| 69. (C) | 70. (B) | 71. (C) | 72. (A) |
| 73. (D) | 74. (D) | 75. (D) | 76. (C) |
| 77. (B) | 78. (B) | 79. (B) | 80. (C) |
| 81. (B) | 82. (C) | 83. (A) | 84. (A) |
| 85. (D) | 86. (B) | 87. (D) | 88. (C) |
| 89. (D) | 90. (D) | 91. (A) | 92. (A) |
| 93. (C) | 94. (C) | 95. (B) | 96. (B) |
| 97. (D) | 98. (B) | 99. (C) | 100. (C) |